an>

Title: Need to reduce the toll-fee and to cnstruct a service road over Audhav-Kathlal toll road in Kheda, Gujarat.

श्री देवुसिंह चौहान (खेड़ा) : महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान गुजरात के मेरे लोक सभा क्षेत्र खेड़ा की एक समस्या के प्रति आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे यहाँ कठलाल से अहमदाबाद बी.ओ.टी. रोड बनाई गई है। निजी कंपनियों ने न तो सर्विस रोड बनाई है, न अंडर पास बनाया है, लेकिन टोल टैक्स कलेक्ट करना शुरू कर दिया है। वह टोल टैक्स भी अंतर के हिसाब से बहुत ज्यादा है। लोकल गाँव के लोग, खासकर जब बारिश का सीजन होता है, तब बूढ़े लोग, बीमार लोग, स्कूली बच्चे इस कारण बहुत परेशान होते हैं। कृपया वहाँ सर्विस रोड बनाई जाए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि जब कभी एम.ओ.यू. होता है, जिसमें निजी कंपनियां सर्विस रोड नहीं बनाती हैं और टोल टैक्स कलेक्ट करती हैं, तो सहानुभूति से उनके साथ बर्ताव करके ऐसे गाँवों के लिए टोल रोड के साथ सर्विस रोड भी बनाई जाए। जो निजी कंपनियाँ टोल कलेक्ट करती हैं, उनके कर्मचारियों का बिहेवियर भी अच्छा नहीं होता है। इसके चलते गाँव के लोकल लोगों के साथ बहुत बड़ा टकराव होता है। अभी एक बहुत बड़ा एजीटेशन भी चलने वाला था। हमने उनको समझाया कि कैसे भी करके यह टोल टैक्स की अमाउंट कम की जाएगी और आपको सर्विस रोड भी मिलेगी। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Now, the list is over. If the Members cooperate, I can give only one minute to every Member. If they exceed, that will not be on record. I have received many names. At the same time, we have to finish everything by Eight 'o' Clock. Therefore, I am requesting you not to elaborate on the thing and be specific to the issue.